**अभ्यास पत्रक**

## 12. हिन्द महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान

नाम :- ............ कक्षा :- ........... अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

### मिलकर करें मिलान

1. पाठ में से कुछ शब्द चुनकर स्तम्भ 1 में दिए गए हैं। उनसे सम्बन्धित वाक्य स्तम्भ, 2 में दिए गए हैं। अपने समूह में इन पर चर्चा कीजिए और रेखा खींचकर शब्दों का मिलान उपयुक्त वाक्यों से कीजिए। **4**

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| 1. अफ्रीका | 1. यह अफ्रीका महाद्वीप के एक देश 'केन्या' की राजधानी है। |
| 2. नैरोबी | 2. यह श्रीराम के जीवन पर आधारित अमर ग्रंथ 'रामचरितमानस' लिखने वाले कवि का नाम है। |
| 3. रक्तचाप | 3. यह एशिया के बाद दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप है। |
| 4. काँवर | 4. यह रक्त वाहिनियों अर्थात नसों में बहते रक्त द्वारा उनकी दीवारों पर डाले गए दबाव का नाम है। |
| 5. भूमध्य रेखा | 5. यह दो भाषाओं के मिलने से बनी नई भाषा का नाम है। |
| 6. देशान्तर रेखा | 6. यह पृथ्वी के चारों ओर एक काल्पनिक वृत्त है जो पृथ्वी को दो भागों में बाँटता है- उत्तरी भाग और दक्षिणी भाग। |
| 7. तुलसीदास | 7. यह बाँस का एक मज़बूत डंडा होता है जिसे कांवड़ या बहंगी भी कहा जाता है, जिसके दोनों सिरों पर बंधी हुई दो टोकरियों या छीकों में यात्री गंगाजल या अन्य वस्तुएँ भरकर ले जाते हैं। |
| 8. क्रेयोल | 8. ये ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची जाने वाली काल्पनिक रेखाएँ हैं। ये उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से मिलाती है। |

### यात्रा-वृत्तांत की रचना

2 *"इतने में कोई मील-भर की दूरी पर हिरनों का झुंड दिखाई पड़ा। अब दो जवान सिंह उठे और दो और को चल दिए। एक तो थोड़ा-सा आगे बढ़कर एक जगह बैठ गया, लेकिन दूसरा घास के बीच छिपता हुआ मोर्चे पर आगे बढ़ने लगा।"* इन वाक्यों को पढ़कर ऐसा लगता है मानो हम लेखक की आँखों से स्वयं वह दृश्य देख रहे हैं। मानो हम स्वयं भी उस स्थान की यात्रा कर रहे हैं, जहाँ का वर्णन लेखक ने किया है। यह इस यात्रा वृत्तांत की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है। यदि आप इस यात्रा-वृत्तांत को थोड़ा और ध्यान से पड़ेंगे तो आपको और भी बहुत-सी विशेषताएँ पता चलेंगी। **इस पाठ को एक बार फिर से पढ़िए और इसकी रचना पर ध्यान दीजिए। आपको जो विशेष बातें दिखाई दें उन्हें आपस में साझा कीजिए और लिख लीजिए। जैसे-लेखक ने बताया है कि वह एक स्थान से दूसरे स्थान तक कैसे और कब पहुँचा?** **3**

उत्तर- ................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

3. लेखक ने किस भाव से परिपूर्ण रचनाओं का सृजन किया है? **1**

(क) वीरता (ख) उत्साह (ग) देशप्रेम (घ) सभी

उत्तर- ..........................................................................................

4. रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक है- **1**

(क) लहरों के राजहंस (ख) पेड़ की बात (ग) मिर्च का मज़ा (घ) वह चिड़िया

उत्तर- ..........................................................................................

5. लेखक नैरोवी में कहाँ घूमने गए? **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

6. लेखक के मन में क्या लोभ जाग गया था? **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

7. हिरनों के झुण्ड ने क्या ताड़ लिया और क्या किया? **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

egyanarchive